अगस्त - 2025

# चालक दल ई पत्रिका



प्रस्तुति:
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र
उत्तर रेलवे, गाजियाबाद

## प्रेरणा स्रोत

(श्री आशुतोष पन्त )
**प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता**
**उ० रे०, मुख्यालय**
**बडौदा हाउस, नयी दिल्ली**

## मार्गदर्शन

(श्री पुष्पेश रमण त्रिपाठी )
**मंडल रेल प्रबंधक**
**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय**
**उ० रे०, नयी दिल्ली**

(श्री नवीन कुमार अग्रवाल)
**मुख्य विद्युत अभियंता/ ऑपरेशन**
**उ० रे०, मुख्यालय**
**बडौदा हाउस, नयी दिल्ली**

## निर्देशन

( श्री आत्मजीत सिंह )
**वरि० मंडल विद्युत अभियंता/ आर.एस.ओ.**
**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय**
**उ० रे०, नयी दिल्ली**

( श्रीमती पूनम )
**प्रधानाचार्य**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

## संकलन

(अजय वीर सक्सेना)
**मुख्य प्रशिक्षक**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

(गया प्रसाद मौर्य)
**मुख्य प्रशिक्षक**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

## सहयोग

(चन्द्र शेखर)
**लो.पा.शंटर / नयी दिल्ली**

# सराहनीय कार्य

# GM AWARD



## 1.0 **सराहनीय कार्य :** लोको पायलट गुड्स श्री मुकेश कुमार मीना , सहायक लोको पायलट श्री राज कुमार मीना मुख्यालय दिल्ली सराय रोहिल्ला

दिनांक 07.08.2025 को लोको पायलट गुड्स श्री मुकेश कुमार मीना एवं सहायक लोको पायलट श्री राज कुमार मीना मुख्यालय दिल्ली सराय रोहिल्ला लोको सं० 31794 गाड़ी सं० FN RNI पर कार्यरत थे I गाड़ी का प्रस्थान FN से समय 00:15 पर हुआ I FN-GHH सेक्शन के बीच गाड़ी कार्य के दौरान सतर्क क्रू ने देखा की कि०मी० सं० 14/32 पर एक PRC स्लीपर एवं गद्दा ट्रैक पर रखा हुआ है I लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक अप्लाई किया तथा गाड़ी को अवरोध से पहले रोक दिया I सहायक लोको पायलट और ट्रेन मेनेजर द्वारा ट्रैक से स्लीपर और गददे को ट्रैक से हटाया गया तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान हुआ I कि०मी० सं०14/14 पर पुन: एक PRC स्लीपर ट्रैक पर रखा मिला I जो पुन: सहायक लोको पायलट और ट्रेन मेनेजरके द्वारा हटाया गया जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हुआ I

लोको क्रू की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही करने के कारण एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका I क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णायक कार्यवाही प्रशंसा और सराहना के योग्य है I उपरोक्त सराहनीय कार्य के लिए क्रू को GM पुरस्कार से सम्मानित किया गया है I

## 2.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट गुड्स श्री दयाशंकर , सहायक लोको पायलट श्री दुर्गेश कुमार मुख्यालय गाजियाबाद

लोको पायलट गुड्स श्री दयाशंकर , सहायक लोको पायलट श्री दुर्गेश कुमार मुख्यालय गाजियाबाद गाड़ी सं० 54058 पर कार्यरत थे । गाड़ी का प्रस्थान FN से समय 00:15 पर SMQL-DLI सेक्शन में कार्य करते समय सतर्कता और सजगता का परिचय दिया । KPKI-BTU स्टेशन के बीच चालकदल को किमी०सं० 51/05 से 50/16 के बीच जर्क महसूस हुआ , लोको पायलट ने तुरंत कार्यवाही करते हुए ट्रेन को रोक दिया और TM से ट्रैक की जाँच करने को कहा , जाँच के दौरान कोई असामन्यता नहीं मिली । तत्पश्चात सावधानीपूर्वक कार्य करते हुए गाड़ी को चलाया गया । BTU स्टेशन पर पीछे के पॉइंट्स को जाम रखते हुए गाड़ी रोककर SM/BTU को लिखित मेमो दिया गया । जिसमे ट्रैक की जाँच करने का अनुरोध किया गया । जिसके बाद SSE/P.WAY द्वारा घटना स्थल का निरिक्षण करने पर पाया गया की ट्रैक के नीचे की मिटटी बह गयी है । तत्पश्चात सुरक्षित गाड़ी संचालन हेतु 30 kmph का काशन लगा दिया गया । चालक दल की इस त्वरित कार्यवाही के कारण एक अवांछित दुर्घटना को टाला जा सका ।

लोको क्रू की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही करने के कारण एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका । क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णायक कार्यवाही प्रशंसा और सराहना के योग्य है । उपरोक्त सराहनीय कार्य के लिए क्रू को GM पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ।

## 3.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट पैसेंजर श्री जाहिद अली, सहायक लोको पायलट श्री जितेन्द्र कुमार कुमार मुख्यालय गाजियाबाद

लोको पायलट पैसेंजर श्री जाहिद अली , सहायक लोको पायलट श्री जितेन्द्र कुमार मुख्यालय गाजियाबाद GZB-MTC सेक्शन में गाड़ी सं० 14521 पर कार्यरत थे I SM, MDNR ने MDNR-MUZ सेक्शन में किमी०सं० 56/19 – 56/21 पर MRO सम्बंधित किसी चीज पर ध्यान न देने हेतु T-409 सं० 921702 जारी किया I इसके अलावा SM , MDNR ने VHF सेट पर भी सूचित किया की साईट को बुक्ड स्पीड से पास किया जा सकता है I MUZ स्टेशन से गुजरते समय LP ने साईट की मंजूरी की पुष्टी के लिए SM/MUZ से सम्पर्क किया I SM, MUZ ने भी बुक्ड स्पीड से गुजरने की सलाह दी I MUZ के स्टार्टर सिगनल से गुरने के बाद सतर्क क्रू ने किमी० सं० 56/19 पर ट्रैक के बीच एक घायल व्यक्ति को पड़ा देखा वह व्यक्ति जीवित था लेकिन उसके पैर कट गए थे और उसे गंभीर चोटे आई थी I अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए लोको पायलट ने घटना स्थल से पहले ट्रेन को रोक दिया I और SM, MUZ , TC/NDLS और TM को इस विषय में सूचित किया I TM ने यात्रियों की मदद से घायल व्यक्तियों को स्ट्रेचर पर लिटाया और आगे की चिकित्सा के लिए Points Men श्री रोहित कुमार को सौंप दिया I

लोको पायलट पैसेंजर श्री जाहिद अली , सहायक लोको पायलट श्री जितेन्द्र कुमार मुख्यालय गाजियाबाद की सतर्क और समय पर की गयी उचित कार्यवाही के कारण एक मानव जीवन बच गया I उपरोक्त सराहनीय कार्य के लिए क्रू को GM पुरस्कार से सम्मानित किया गया है I

# विफलताएं एवं सबक

1.0 – विफलता

| | |
|---|---|
| लोको सं० 39058/TATA | गाड़ी सं० 82502 |
| दिनांक : 04.08.25 | डिविजन: दिल्ली |

**घटना का विवरण:** दिनांक 04.08.25 को गाड़ी सं० 82501, लोको सं० 39058/TATA का NDLS में आगमन समय 20:10 पर हुआ। उक्त लोको का गाड़ी सं० 82502 में DOT होना था। लोको पायलट शंटर , नयी दिल्ली द्वारा समय 21:13 मिनट पर लोको को डीटैच कर गाड़ी सं० 82502 में ऑन ट्रेन किया। समय 21:50 पर लोको पायलट मेल ने लोको का चार्ज लिया। अंडरफ्रेम की जाँच के दौरान सहायक लोको पायलट ने पाया की TM-6 की टार्क आर्म के अपर एंड का एक बोल्ट नहीं था। इसकी सूचना लोको पायलट शंटर को दी। लोको पायलट शंटर द्वारा ये सूचना TC/NDLS को दी गयी। समय 22:30 मिनट पर SSE/ट्रिप शेड/NDLS लोको पर आये तथा काफी प्रयास के बाद भी सफलता न मिलने पर समय 22:57 पर लोको को फेल कर दिया गया। एवं लोको सं० 30821/BL को 23:23 पर ऑन ट्रेन किया गया। तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान समय 23:38 पर हुआ।

**विफलता का विशलेषण :** लोको पायलट शंटर नयी दिल्ली द्वारा लोको के अंडरफ्रेम की सही प्रकार से जाँच नहीं की। लोको का चार्ज लेते समय अंडर फ्रेम का गहन निरिक्षण अवश्य करना चाहिए।

उत्तरदायी : क्रू और लोको पायलट शंटर नयी दिल्ली एवं लोको शेड TATA।

2.0

| | |
|---|---|
| लोको सं० 60060/WAG-12 / SRE | गाड़ी सं०: CDG |
| दिनांक : 05.08.25 | डिविजन: अंबाला |

**घटना का विवरण:** दिनांक 05.08.25 को गाड़ी सं० CDG, लोको सं० 60060/WAG-12 / SRE का BBDE से प्रस्थान 05:25 पर हुआ ।जब गाड़ी DPP की लूप लाइन में प्रवेश कर रही थी तब लोको का VCB ओपन हो गया , VCB क्लोज करने पर भी VCB क्लोज नहीं हुआ । इसके साथ VCD ऑपरेट होने के कारण BP प्रेशर भी '0' हो गया और गाड़ी पिछला पॉइंट को जाम करके खड़ी हो गयी । जिसके बाद लोको पायलट द्वारा VCD को रिसेट कर ब्लाक सेक्शन को साफ़ किया गया ।

**विफलता का विशलेषण :** लोको पायलट द्वारा VCD को समय रहते एक्नालेज नहीं किया गया ।

उत्तरदायी : लोको पायलट गाड़ी सं० CDG ।

3.0

लोको सं० 37088/BL गाड़ी सं०: 19702

दिनांक : 13.08.25 डिविजन: दिल्ली

**घटना का विवरण:** दिनांक 13.08.25 को गाड़ी सं० 20410 लोको सं० 37088/BL का क्रू ने SSB में समय 19:57 पर चार्ज लिया। गाड़ी का SSB से प्रस्थान समय 20:01 बजे हुआ। तथा DEC पर आगमन समय 20:50 बजे हुआ। DEC में इसी रैक व लोको के द्वारा गाड़ी सं० 19702 का कार्य होता है। लोको पायलट ने सामान्य जांच के दौरान पाया की लोको के व्हील न० 9 तथा 11 के बीच सेकेंडरी हॉरिजॉन्टल डैम्पर अन्दर की ओर के दो बोल्ट गायब थे जिसके बाद लोको क्रू ने मेटल वायर द्वारा सिक्योर करने का प्रयत्न किया।सफलता न मिलने पर TC/NDLS को समय 21:13 पर सूचित किया। समय 21:30 पर लोको को फेल कर दिया गया। गाड़ी कार्य के लिए अन्य लोको सं० 33566/ BL की व्यवस्था की गयी। और गाड़ी का प्रस्थान 7 मिनट के विलम्ब से समय 00:14 पर हुआ।

**विफलता का विशलेषण :** क्रू द्वारा लोको के अंडरफ्रेम की जाँच ठीक प्रकार से नहीं की गयी।

उत्तरदायी : लोको पायलट क्रू गाड़ी सं० 20410।

4.0

| | |
|---|---|
| लोको सं० 23608/LKO | गाड़ी सं०: 14236 |
| दिनांक : 14.08.25 | डिविजन: मुरादाबाद |

**घटना का विवरण:** दिनांक 14.08.25 को गाड़ी सं० 14236 लोको सं० 23608 / LKO का BE से प्रस्थान हुआ I BE का एडवांस स्टार्टर सिगनल पास करने के बाद लोको पायलट को एहसास हुआ की गाड़ी की गति 15 kmph से अधिक नहीं बढ़ रही है I लोको पायलट ने ब्लाक सेक्शन साफ़ करने के बाद गाड़ी को BRCY स्टेशन पर खड़ा किया तथा VCB को 2 – 3 बार ओपन क्लोज किया सफलता नहीं मिली जिसके बाद जाँच करने पर पाया की स्विच HSM '0' तथा '1' पोजीशन के बीच में था जिसे पोजीशन '1' पर करने से लोको नार्मल हो गया और गाड़ी का प्रस्थान हुआ I

**विफलता का विशलेषण :** लोको क्रू द्वारा लोको का चार्ज लेने के दौरान स्विच HSM का नार्मल पोजीशन में होना सुनिश्चित नहीं किया I जिस कारण से गाड़ी को अनावश्यक समय की हानि हुयी I

उत्तरदायी : लोको पायलट क्रू गाड़ी सं० 14326 I

5.0

| | |
|---|---|
| लोको सं० 25001/TKD | गाड़ी सं०: 12191 |
| दिनांक : 21.08.25 | डिविजन: दिल्ली |

**घटना का विवरण:** दिनांक 21.08.25 को गाड़ी सं० 12191 लोको सं० 25001/TKD का NZM से समय 14:05 पर प्रस्थान हुआ। समय 14:07 BP प्रेशर '0' हो गया। जाँच करने पर गाड़ी में कहीं लीकेज नहीं पायी गयी। जिसके बाद गाड़ी एवं लोको के बीच के एंगल कॉक को बंद करने पर भी BP प्रेशर नहीं बना। गहन जाँच करने पर लोको पायलट ने देखा की रियर कैब की VCD ऑपरेट थी जिस कारण BP प्रेशर नहीं बन पा रहा था। लोको पायलट द्वारा पुन: BL key को रियर कैब में लगाकर प्रॉपर निकलकर अगली कैब में लगाया गया और रिसेट करने के पश्चात BP प्रेशर बन गया और गाड़ी का प्रस्थान समय 14:24 पर हुआ। जैसे ही लोको की गति 15 kmph से उपर बढ़ी, ऑटो रिग्रेशन मिलने लगा जिसके कारण गाड़ी पुन: 14:41 मिनट पर दोबारा खड़ी हो गयी। स्विच HSM को पोजीशन 1-0-1 पर किया गया परन्तु सफलता नहीं मिली इसके बाद स्विच HSM को 2-3 बार ऑपरेट किया गया। सफलता मिलने पर समय 14:43 पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ।

**विफलता का विशलेषण :** लोको क्रू द्वारा VCD को एक्नालेज नहीं किया गया जिस कारण VCD ऑपरेट हुयी तथा रियर कैब की VCD ऑपरेट होना कारण बताया जो की गलत है। इसके साथ लोको का चार्ज लेते समय स्विच HSM '0' पोजीशन पर था जिसको लोको क्रू ने चैक नहीं किया। उपरोक्त कारणों से गाड़ी को अनावश्यक समय की हानि हुयी।

उत्तरदायी : लोको पायलट क्रू गाड़ी सं० 12191।



# धन्यवाद